24 घंटे का पेशाब

हम आपको पेशाब इकठ्ठा करने के लिए एक बोतल देते हैं। बोतल के तले में परिरक्षक तरल पदार्थ (प्रिज़र्वेटिव फ्लुइड) हो सकता है, जिसके ज़हरीला होने की संभावना है।

- तरल पदार्थ को अपनी त्वचा पर नहीं लगने दें।
- बोतल के पास बच्चों को नहीं आने दें।
- परिरक्षक (प्रिज़र्वेटिव) को बाहर नहीं फेंकें।
- जब तक बोतल प्रयोगशाला को नहीं दे दी जाती है तब तक बोतल को ठंडी जगह में रखें।

24 घंटे का पेशाब किस प्रकार इकठ्ठा करें

इस प्रक्रिया को सुबह सबसे पहले शुरू करें:

1. शौचालय में पेशाब करें। इकठ्ठा करने की प्रक्रिया के लिए यह पेशाब नहीं चाहिए। अपने मूत्राशय को पूरी तरह से खाली करें।
2. शेष 24 घंटे की अवधि के दौरान आप जो पेशाब करते / करती हैं वह सब अवश्य इकठ्ठा किया जाना चाहिए।
3. यदि आपको अपना मल त्याग करने आवश्यकता हो, तो पहले पेशाब करें और इकठ्ठा करें ताकि आप इसे खोएँ नहीं।
4. पेशाब का अंतिम नमूना पहले वाले के 24 घंटे बाद इकठ्ठा करें। यहाँ तक कि यदि आप यह पेशाब करने की आवश्यकता महसूस नहीं भी करते / करती हैं, तब भी आपको अपने मूत्राशय को पूरी तरह से खाली अवश्य करना चाहिए।
5. कंटेनर पर अपने पूरे नाम, जन्म तिथि और इकठ्ठा करने के समय और तिथि वाला लेबल लगाएँ।
6. कंटेनर के ढक्कन को कस कर बंद करें।
7. 24 घंटे का नमूना और अनुरोध प्रपत्र प्रयोगशाला को उसी दिन दें जब आप अंतिम नमूना इकठ्ठा करते / करती हैं।

कृपया अधिक जानकारी के लिए (04) 381 5900 पर मुख्य प्रयोगशाला से संपर्क करें